# फ्लैगशिप और युवा कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी

**बीकानेर, (कासं)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माय भारत केन्द्र द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला शनिवार को राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ हरिशंकर आचार्य ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप और युवा कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा कल्याण केन्द्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। युवा इन योजनाओं की जानकारी लें और इनका लाभ उठाएं। उन्होंने जनसंपर्क विभाग की गतिविधियों के बारे में बताया।

■ बैंक की ऋण योजनाओं की प्रक्रिया और साइबर फ्रॉड के बारे में बताया

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए मुक्ति संस्था के सचिव राजेन्द्र जोशी ने कहा कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। सही रास्ते पर चलकर इन्हें हासिल करना बड़ी चुनौती है। युवा अपने लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करें और लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि आज आपको बैंक भी लोन देने के लिए तैयार है, लेकिन उसका सही उपयोग कैसे किया जाए यह सीखना जरूरी है।

मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी रूबी पाल ने विभागीय उद्देश्यों और कार्यशाला की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनसे उनके करियर निर्माण की राह आसान हो। लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक एल. आर. मोडासिया ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रक्रिया और बैंकिंग लिटरेसी सहित साइबर फ्रॉड के बारे में बताया। एसबीआई आरसेटी के निदेशक रूपेश शर्मा ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। इनकी आवेदन प्रक्रिया और परिणाम की जानकारी दी।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के सहायक निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने पंच गौरव तथा राइजिंग राजस्थान के बारे में बताया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधि के तौर पर सरिता गोदारा और कविता ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. रामगोपाल शर्मा ने शिक्षण के साथ कौशल की प्रवीणता पर बल दिया। स्वामी विवेकानंद युवा मंडल संस्थान के कार्यक्रम संयोजक मनोहर सिंह भाटी ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन कपिल पुरोहित और प्रसन्नता पारीक ने किया। इस दौरान राकेश कसवां, महेन्द्र सिंह, निशांत, राजेन्द्र पुरोहित और छोटूराम सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।



राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित कार्यशाला में जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ हरिशंकर आचार्य ने फ्लैगशिप और युवा कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी।

## रास्ता खुलवाने के लिए ग्रामीणों का धरना

**सूरतगढ़, (कासं)।** सूरतगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत 4 केएसआर (श्योपुरा) के वार्ड 5 में बंद रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

धरने में शामिल ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने के साथ-साथ ग्रामीण देवीलाल ढुकिया (55) की भूख हड़ताल भी बीते 2 दिन से लगातार जारी रही। हालांकि शनिवार दोपहर को चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जांच की।

धरने पर बैठे ग्रामीण महावीर प्रसाद, लाधुराम, जसराम, राहुल, रोहित, दयाराम, कानाराम, कृष्ण, गिरधारीलाल, रघुवीर आदि का कहना है कि बंद रास्ता खुलवाना उनकी प्रमुख मांग है और इसके लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमण के कारण रास्ता अवरूद्ध है। प्रभावशाली लोगों ने रास्ते पर दीवार बनाकर कब्जा कर रखा है। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर और एसडीएम को अवगत करवा दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरना और भूख हड़ताल के चलते नायब तहसीलदार अंकित गोदारा, पटवारी रामजीलाल, ग्राम विकास अधिकारी यशवंत सिंह सहित सदर पुलिस थाना का जाप्ता भी मौके पर पहुंचा और इस मामले में समझाइश की। लेकिन भूख हड़ताल पर बैठे देवीलाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे पूरी गली को खुलवाना चाहते हैं।

## मोबाइल टावर लगाने का काम रूका

**सूरतगढ़, (कासं)।** शहर के वार्ड नंबर 37 में स्पर्श स्कूल के सामने एक निजी कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाने के लिए शुरू किए गए निर्माण कार्य और खोदे गए गड्ढे को एसडीएम के आदेश पर बंद करवाया गया।

वार्ड के लोगों के विरोध और ज्ञापन के बाद एसडीएम भरत जयप्रकाश मीणा ने मौका का निरीक्षण कर निर्माण कार्य रूकवाया और गड्ढा बंद करने के निर्देश दिए। इससे पहले लोगों ने गुरूवार के बाद दूसरे दिन प्रशासन से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

इसके बाद देर शाम को एसडीएम मीणा खुद मौके पर पहुंचे और टावर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के जेईएन सुरेन्द्र प्रताप को भी मौके पर बुलाकर टावर लगाने की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी मांगी।

जेईएन ने बताया कि कंपनी के पास आवश्यक कागजात नहीं थे। इस पर एसडीएम ने कड़ा रूख अपनाते हुए जेईएन और कंपनी सुपरवाइजर को तत्काल जेसीबी से गड्ढा बंद करने के निर्देश दिए। इस पर कंपनी सुपरवाइजर ने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से गड्ढा बंद करवाने का कार्य शुरू किया, जो रात तक पूरा हो पाया। गौरतलब है कि वार्ड नंबर 37 के सलीम खान, जय अवतार, केवल सुखीजा, ओम चौहान, रजत चौहान, मदन आसेरी, राधेश्याम आसेरी, सलीम मोहम्मद, शेखर सुखीजा, बिट्टू सामरिया, घेवरी देवी सहित अनेक महिलाओं ने मोबाइल टावर के निर्माण का विरोध किया।

## सार-समाचार

### जैन गर्ल्स कॉलेज में फ्रेशर पार्टी


जैन गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फेशर पार्टी में छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

**बीकानेर, (कासं)।** मेलों मगरियों के सांस्कृतिक संगम का शहर मन जाता है। इसी उत्सव और तीज त्योंहार के महीने में श्री जैन गर्ल्स कॉलेज में नव-प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए फ्रेशर पार्टी के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्राचार्य डॉ. संध्या सक्सेना और वरिष्ठ संकाय सदस्यों डॉ. पी.आर.तोषनीवाल और डॉ पंकज दाधीच ने किया। मीडिया सह प्रभारी विशाल सोलंकी ने जानकारी दी कि छात्राओं ने गणपति वंदना, नवकार मंत्रों के उच्चारण से माहौल को सात्विक स्वरूप प्रदान किया। इस पार्टी में फ्रैशर्स ने रैम्प वॉक, डांस के द्वारा दर्शकों को झूमने के लिए मज़बूर कर दिया। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक फ्रेशर्स का शानदार स्वागत किया। कार्यक्रम में बीसीए से सलोनी मिस ग्लेमर्स, मिस स्टाइलिश ऐश्वर्या और मिस रॉयल कीर्ति टाक ने खिताब जीता। बीए से हर्षिता मिस स्टाइलिश और रिद्धि मिस रॉयल स्वाति विजेता रही। वहीं बी कॉम से मिस ग्लेमर्स कुमकुम, मिस स्टाइलिश पलक और मिस रॉयल गुनगुन ने बाजी मारी। प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को राष्ट्र के लिए सशक्त धरोहर बनने का प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। डॉ.दीपाली जाखड़, डॉ. रश्मि व्यास और डॉ. लता व्यास ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### हेरोइन सप्लायर महिला गिरफ्तार



**हनुमानगढ़, (कासं)।** पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट के 5 मामले दर्ज हैं। रावतसर पुलिस महिला से पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देश पर जिले में नशा तस्करी, अवैध मादक पदार्थों और हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रावतसर थाना पुलिस ने 19 फरवरी को गश्त के दौरान सोनू उर्फ कृष्णलाल को 6.75 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था। पूछताछ में सोनू ने बताया कि उसने हेरोइन लखुवाली निवासी इसमा (35) से खरीदी थी। पुलिस ने इसमा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### करूणा क्लब गठित, शपथ दिलाई



रामबक्स मेमोरियल स्कूल मोहता सराय में उच्च प्राथमिक विद्यालय में करूणा क्लब सदस्यों को शपथ दिलाई।

**बीकानेर, (कासं)।** रामबक्स मेमोरियल स्कूल मोहता सराय में उच्च प्राथमिक विद्यालय में करूणा क्लब गठन व करूणा-शपथ के कार्यक्रम का आयोजन संचालक राजेश पुरोहित व सन्तोष मेडम, करूणा शिक्षा अधिकारी घनश्याम साध ने विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। विद्यालय करूणा क्लब अध्यक्ष वाहिद, उपाध्यक्ष दक्ष, मंत्री अस्मा, प्रचार-प्रसार सकीना, संस्कृति मंत्री इकरा को व अन्यों को सदस्यता की करूणा शपथ दिलाई गई। सभी ने मिलकर हरियालो बीकाणा/राजस्थान के अन्तर्गत संघन वृक्षारोपण का कार्य किया। रूचि व दीपक सर करूणा प्रभारी के मार्गदर्शन में चार विद्यार्थियों ने कभी भी मांसाहार न अपनाने की शपथ ली जो बहुत ही प्रेरणादायक कार्य किया है। जबकि यह क्षेत्र मुसलमान बाहुल्य है। शिक्षा अधिकारी ने अंहिसा, शाकाहार, जीव-रक्षा, सेवा भाव से संबंधित अनेक रोचक किस्से बताये। राजेश सर ने अधिक वृक्षारोपण व उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी। रूचि मैडम ने प्लास्टिक व पॉलिथीन के दुष्परिणामों के बारे में बताया।

### दो वाहनों की टक्कर में घायल

**नोखा, (कासं)।** मुकाम टोल नाका के पास दो तेज रफ्तार वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो और डाक पार्सल वाहन पलट गए। बोलेरो में सवार आधा दर्जन महिलाएं देवस्थान दर्शन के लिए जा रही थीं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों वाहनों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। बोलेरो में सवार अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आई। तेहनदेसर निवासी तेजसिंह, भवानी कंवर और भगवान सिंह को गंभीर चोटें आने के कारण बीकानेर पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया।

# पकड़े गए बांग्लादेशियों के लिए रीको एरिया में बनेगा डिटेंशन सेंटर

**बीकानेर, (कासं)।** बांग्लादेशियों के लिए जामसर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में डिटेंशन सेंटर (हिरासत केन्द्र) बनेगा। हिरासत में लिए जाने वाले बांग्लादेशियों को वापस भेजे जाने तक इस सेंटर में ही रखा जायेगा।

■ अब हिरासत में लिए जाने वाले बांग्लादेशियों को रखने के लिए जामसर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया

पिछले दिनों भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने बांग्लादेशियों के लिए गाइडलाइन जारी की थी। उसके बाद से बांग्लादेशियों को वापस भेजने के लिए उनकी खोजबीन की जाने लगी। बीकानेर जिले से भी दो बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया। अब हिरासत में लिए जाने वाले बांग्लादेशियों को रखने के लिए जामसर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए खारा से आगे स्थित रीको औद्योगिक एरिया में निर्मित पुलिस चौकी को चिन्हित किया गया है। इसमें 15 से 20 लोगों को रखा जा सकता है। पुलिस की ओर से इसके प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को भेजे गए हैं।

कलेक्टर से हरी झंडी मिलने पर डिटेंशन सेंटर शुरू कर दिया जायेगा। जिले में बांग्लादेशियों के मिलने पर उन्हें डिटेंशन सेंटर पर ही रखा जायेगा। जब तक उन्हें वापस नहीं भेजा जाता, उनके खाने-पीने और रहने का इंतजाम सेंटर पर ही किया जायेगा।

गौरतलब है कि गाइडलाइन जारी होने के बाद वीसी में हर जिले में डिटेंशन सेंटर बनाने के निर्देश दिए गए थे। बीकानेर पुलिस ने जामसर थाना क्षेत्र में निर्मित चौकी को डिटेंशन सेंटर के लिए उपयुक्त माना। रीको ने खारा और आसपास के इंडस्ट्रियल एरिया में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी का निर्माण किया था। लेकिन सरकार से स्वीकृति नहीं मिली। इसके अलावा पुलिस महकमे की ओर से रीको को करीब तीन लाख रूपए की राशि जमा करानी थी। स्वीकृति नहीं मिलने के कारण यह राशि जमा नहीं कराई गई। इसलिए पुलिस चौकी भवन रीको के पास ही रह गया। अब बांग्लादेशियों के लिए अस्थाई डिटेंशन सेंटर बनाने के लिए इस चौकी को चिन्हित किया गया है।

जब किसी जिले में कोई बांग्लालेदशी पकड़ा जाता है तो इसकी सूचना तत्काल राज्य के गृह मंत्रालय तक पहुंचाने के आदेश हैं। राज्य की एजेंसियां बेसिक जानकारी लेने के बाद सूचना केन्द्रीय गृह मंत्रालय को देती हैं। इसके साथ ही खुफिया एजेंसियां जरूरी छानबीन और जानकारी लेकर उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की तैयारी में जुट जाती हैं।

## खड़े टैंकर में युवक का शव मिला

**बीकानेर, (कासं)।** लूणकरनसर में भारत माला सड़क पर खड़े एक पेट्रोल टैंकर में युवक का शव मिला। माना जा रहा है कि तबीयत बिगड़ने पर वो ट्रक को रेस्ट एरिया में खड़ा करके आराम करने लगा। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। टोल गाड़ी ने टैंकर को खड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। लूणकरनसर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो अंदर एक शव मिला।

नाथवाणा के पास स्थित रेस्ट एरिया में ये टैंकर काफी समय से खड़ा था। टोल गाड़ी ने गश्त के दौरान पहले तो ये सोचकर छोड़ दिया कि कोई ड्राइवर रेस्ट कर रहा होगा। बाद में भी टैंकर वहीं खड़ा मिला तो शक हुआ। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। लूणकरनसर पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने ट्रक पर लिखे मोबाइल नम्बर पर कॉल किया। परिजनों के आने के बाद ही पहचान हो पायेगी। शनिवार तक ही परिजन लूणकरनसर पहुंचेंगे, इसके बाद ही पोस्टमार्टम होगा।

# ज्योतिषी के सुसाइड मामले में मुकदमा दर्ज

**बीकानेर, (कासं)।** यहां ज्योतिषी के सुसाइड मामले में बहन ने श्रीकोलायत थाने में मृतक की पत्नी, सास, साले और ताऊ सहित कुल चार लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मामला देरी से दर्ज होने के कारण देर शाम तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया।

शिकायत में कहा कि उसकी भाभी नम्रता, भाभी के भाई विनायक जैन, मां मधुबाला, ताऊ रतनचंद्र जैन ने रूपयों के महावीर जैन पर मानसिक दबाव बनाया। लम्बे समय से महावीर जैन के साले ने घर के निर्माण के लिए 20 लाख रूपए मांगे थे। जिससे परेशान होकर महावीर जैन निवासी पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर ने गुरूवार रात को कपिल सरोवर में कूदकर अपनी जान दे दी।

महावीर ने मरने से पहले सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट भी की। जिसमें अपनी पत्नी सहित चार लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार बताया था। प्रियंका का

■ ज्योतिषी की बहन ने मृतक की पत्नी, साले व सास समेत 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई

आरोप है कि नम्रता अपने पति को छोड़कर पिछले दिनों दुबई घूमने गई थी। दुबई से आने के बाद महावीर के घर जाने के बजाय सीधे अपने ताऊ के घर गई। तब पवनपुरी वाला मकान बेचकर डेढ़ करोड़ रूपए देने पर ही घर आने की धमकी दी थी।

एफआईआर में आरोप लगाया है कि महावीर को उसके बच्चों से भी मिलने नहीं दिया जाता था। जुलाई महीने में ही वो अपने पीहर चली गई। इसके बाद महावीर अपने बच्चों से नहीं मिल पाया। मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के कारण भाई भी काफी टूट गया था।

# महंगे दामों पर पानी के टैंकर मंगवाने को मजबूर

**नोखा, (कासं)।** नोखा उपखंड के जसरासर कस्बे में इन दिनों पानी की किल्लत गहराती जा रही है। कस्बे के तीन प्रमुख ट्यूबवैल लम्बे समय से खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर के पास का ट्यूबवैल, मसूरी रोड का ट्यूबवैल और बीरमेरी बास स्थित ट्यूबवैल कई दिनों से ठप पड़े हैं। हालात यह है कि पीने का पानी मंगवाने के लिए लोग महंगे दामों पर निजी टैंकरों पर निर्भर हैं। वहीं पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है।

सरपंच रामनिवास तरड ने बताया कि तीनों ट्यूबवैल में वायरिंग, मोटर और पाइपलाइन की खराबी है। बार-बार शिकायत के बावजूद जलदाय विभाग और ठेकेदार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे। सहायक अभियंता भी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता पवन मीणा ने कहा कि शिव मंदिर ट्यूबवैल की केबल बदली गई है, लेकिन स्टार्टर खराब है, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

■ नोखा के जसरासर में तीन ट्यूबवैल खराब होने से बंद, ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं

## बेटियों ने दिया मां की अर्थी को कंधा

**नोखा, (कासं)।** यहा मां के निधन के बाद बेटियों ने अर्थी को कंधा दिया। अम्बेडकर सर्किल निवासी दुर्गा देवी भट्टड़ का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बेटियों ने बेटों के साथ मिलकर सभी रस्में निभाई।

दुर्गा देवी को 11 महीने पहले कैंसर का पता चला था। तब से उनका इलाज चल रहा था। उनका निधन हो गया। दुर्गा देवी के दो बेटे राजेश और ब्रिजेश हैं। उनकी सगी बेटी वंदना और चचेरी बेटियां भगवती, गुड्डी, सोनाली और अर्चना ने अर्थी को कंधा दिया। साथ ही अन्य अंतिम संस्कार की रस्में भी पूरी की। दुर्गा देवी के पति हरिकिशन भट्टड़ और परिवार के अन्य सदस्य व्यापार के सिलसिले में असम में रहते हैं।

# अवैध बस स्टैण्ड ट्रैफिक जाम व हादसों की जड़, प्रशासन मौन

**बीकानेर, (कासं)।** शहर की सड़कों पर अवैध बस स्टैंड और ठहराव स्थलों की भरमार अब जानलेवा हो गई। अम्बेडकर सर्किल के पास हुई बस दुर्घटना में युवक की मौत के बाद जब पड़ताल की तो शहर के 25 ठिकानों पर 40 से अधिक अवैध स्टैंड और स्टॉप सामने आये।

भीड़भाड़ और रिहायशी क्षेत्रों में बने ये स्टैंड न केवल ट्रैफिक जाम की जड़ हैं बल्कि हर दिन बड़े हादसों को न्यौता दे रहे हैं। जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की आंखों के सामने चल रहे इस अवैध खेल को आखिर क्यों बर्दाश्त किया जा रहा है।

अम्बेडकर सर्किल के पास एक युवक की बस से कुचलकर मौत ने शहर की खस्ता यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर में करीब 25 ठिकानों पर 40 से ज्यादा अवैध बस स्टैंड और स्टॉप बने हुए हैं। अम्बेडकर सर्किल के पास 3, भीमसेन सर्किल के पास 4, शार्दुल सिंह सर्किल पर 6, कीर्ति स्तंभ के पास 2, म्यूजियम सर्किल और आंखों के अस्पताल के पास एक-एक, रानी बाजार ओवरब्रिज, गजनेर रोड, नगर निगम और जूनागढ़ के सामने भी अवैध स्टैंड संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं जहां बसें दाई ओर खड़ी होकर सवारियां चढ़ाती-उतारती हैं, जिससे सीधे हादसों का खतरा बढ़ता है।

■ शहर में करीब 25 ठिकानों पर 40 से ज्यादा अवैध बस स्टैंड और स्टॉप बने हुए हैं

हैरानी की बात है कि इनमें से कई ठिकानों पर ट्रैफिक पुलिस का जाब्ता रोज तैनात रहता है फिर भी कार्रवाई नहीं होती। क्योंकि या तो बस मालिक रसूखदार हैं या पुलिस ने उन्हें विशेष कारण से छूट दे दी है। जिला मुख्यालय पर तो निजी बसों के स्टैण्ड को लेकर जिला प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। यहां शहर के मुख्य बाजार केईएम रोड से भी निजी बसें रात के समय संचालित होती है।

# श्राविकाओं के शिविर में साध्वी शंखनिधि ने जैन धर्म के सिद्धांतों के बारे में बताया

**बीकानेर, (कासं)।** जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मंथन प्रभ सागर व मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला श्रीजी व शंखनिधिश्रीजी के सानिध्य में 8 दिन मौन सहित 11 दिन की करने वाली प्रतिभा पत्नी विक्रम भुगड़ी, (मंत्री खरतरगच्छ युवा परिषद बीकानेर इकाई) ज्योति पत्नी अंकित नाहटा का अभिनंदन किया गया।

श्राविकाओं का शिविर हुआ तथा रविवार को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक बालक-बालिकाओं का शिविर आयोजित किया जायेगा। खरतरगच्छ युवा परिषद के उपाध्यक्ष कमल सेठिया व सदस्य अभिषेक डागा ने बताया कि तपस्वियों का अभिनंदन भावना बैद, हुलासी देवी पुगलिया, पुष्पा देवी बोथरा तथा खरतरगच्छ महिला परिषद की सदस्याओं आदि ने किया। तपस्वी के अभिनंदन के समय



श्राविकाओं के शिविर में तपस्वी प्रतिभा भुगड़ी व ज्योति नाहटा का अभिनंदन किया।

केसरिया-केसरिया आज म्हारो रंग केसरिया आदि भक्ति गीत गाये गए तथा तपस्या की अनुमोदना जयकारों से की गई। गणिवर्य, मुनिवृंद व साध्वी वृंद के सम्मान में विजय डागा ने भी गीत प्रस्तुत किया। अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद की बीकानेर इकाई के मंत्री लीला बेगानी ने बताया कि श्राविकाओं के शिविर में साध्वी शंखनिधि श्रीजी ने जैन धर्म के सिद्धांतों के बारे में बताया।

■ धर्म संबंधित प्रश्नों का उत्तर साध्वी ने देकर श्राविकाओं की जिज्ञासाओं को दूर किया

शिविर में करीब दो दर्जन महिलाओं ने हिस्सा लिया। धर्म संबंधित प्रश्नों का भी उत्तर साध्वी ने देकर श्राविकाओं की जिज्ञासाओं को दूर किया। प्रवचन-गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने शनिवार को ढढ्ढा कोटड़ी में प्रवचन में कहा कि त्याग, तप, श्रद्धा व परमात्म भक्ति से शुद्ध गति मिलती है। देव, गुरू व धर्म के प्रति समर्पण बढ़ता है तथा मोक्ष का मार्ग मिलता है।

# सूरतगढ़ में घग्गर नदी के नाली बेड एरिया में बढ़ रहा जलस्तर

**सूरतगढ़, (कासं)।** सूरतगढ़ से सटी घग्गर नदी के नाली बेड एरिया में बाढ़ के पानी की आवक ने प्रशासनिक अधिकारियों को सजग कर दिया है। ऐसे में जल संसाधन विभाग और घग्गर फ्लड कंट्रोल से जुड़े अधिकारियों ने कमजोर बंधों का निरीक्षण करने के साथ ही बहाव में बाधा बन रही बेलों और घास को हटवाने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। बीते चार दिनों से घग्गर नदी के नाली बेड एरिया में पानी की आवक लगातार बढ़ती जा रही है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार सुबह नाली बेड एरिया में 5000 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है था, तो हरियाणा स्थित ओटू हैड पर 23500 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई थी। नाली बेड में 5000 क्यूसेक और ओटू हैड पर पानी की मात्रा बढ़कर 27000 क्यूसेक हो गई। मगर शनिवार को आये गेज के मुताबिक नाली बेड में जहां यथावत 5000 क्यूसेक मात्रा दर्ज की गई तो ओटू हैड पर यह आंकड़ा 28000 क्यूसेक तक पहुंच गया। हरियाणा के सिरसा स्थित ओटू हैड से बाढ़ का यह पानी राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में प्रवेश करते हुए पीलीबंगा और उसके बाद श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ के गांव 45 एसटीजी और रंगमहल क्षेत्र से इस इलाके में प्रवेश करता है। जहां से आगे अमरपुरा जाटान, 5 की पुली, श्रीविजयनगर, रामसिंहपुर और अनूपगढ़ होते हुए आगे पाकिस्तान में प्रवेश करता है।

■ बाढ़ के पानी की आवक से सजग हुए अधिकारी, बहाव क्षेत्र की बाधाएं हटवाई

जल संसाधन विभाग, पीलीबंगा खंड के सहायक अभियंता अजीत पचार ने शनिवार को बताया कि इससे पहले वर्ष 2023 में 7000 क्यूसेक पानी नाली बेड एरिया में छोड़ा गया था। उसके बाद 2024 में इतना पानी नहीं आया। मगर इस साल अब तक यह सर्वाधिक है। वहीं पीछे ओटू हैड पर पानी की बढ़ोतरी होना माना जा सकता है कि यहां भी पानी और बढ़ेगा। पचार ने बताया कि फिलहाल बढ़े हुए इस पानी का असर दो-तीन दिन बाद सूरतगढ़ में दिखाई देगा।

उन्होंने बताया कि सावधानी के तौर पर उनके अधीन सभी कमजोर बंधों को मजबूत करवाया जा रहा है। पुलों और काज-वे में आने वाली केलियों को पोकलेन मशीन की मदद से हटवाया जा रहा है ताकि पानी के बहाव में किसी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो। सूरतगढ़ में भी एक पोकलेन मशीन एयरफोर्स रोड पर स्थित फॉर्म पुलिया पर इस काम में जुटी हुई है। जहां कनिष्ठ अभियंता की देखरेख में केली को हटाया जा रहा है।

